(c) whether any programme has been drawn up in this respect?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Sham Nath): (a) No.

(b) and (c). Do not arise.

खंडवा-दोहद रेल लाइन

2868. { श्री महेश दत्त मिश्र :
श्री ज्वा० प्र० ज्योतिषी :
श्री राम सहाय पाण्डेय :
श्री शिवदत्त उपाध्याय : }

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में पूर्वी निमाड़ तथा पश्चिमी निमाड़ के लोगों ने खंडवा-दोहद रेल लाइन बनाने की मांग बार बार की है ;

(ख) क्या सरकार को यह पता है कि यह रेलवे लाइन मध्य प्रदेश के आदिवासी व जंगल क्षेत्र से हो कर गुजरेगी और गुजरात से सीधा सम्बन्ध स्थापित करेगी ; और

(ग) इतनी महत्वपूर्ण योजना के बारे में सरकार क्या कदम उठा रही है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शामनाथ) : (क) से (ग). खण्डवा और दोहद के बीच एक सीधा रेल सम्पर्क बनाने के लिए उस क्षेत्र के लोगों से अभ्यावेदन मिले हैं । खण्डवा और दोहद दोनों ही स्टेशन पहले से ही रेलवे लाइन द्वारा जुड़े हुए हैं और उस क्षेत्र में अच्छी सड़कें हैं । मध्य प्रदेश सरकार ने दूसरी और तीसरी दोनों पंचवर्षीय योजनाओं में इस रेल सम्पर्क को बनाने की सिफारिश की थी, लेकिन इस काम को उन्होंने अग्रता सूची में बहुत नीचे रखा था । नयी लाइनों के निर्माण के लिए जो सीमित धन उपलब्ध है उसे देखते हुए इस प्रायोजना को इन दोनों योजनाओं में सम्मिलित नहीं किया जा सका । खण्डवा और दोहद के बीच इस तरह का सीधा रेल-सम्पर्क बनाने के लिए पहले कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया था । मोटे तौर पर यह रेल सम्पर्क लगभग 200 मील लम्बा होगा । इस पर लगभग 25 करोड़ रुपये लागत आयेगी और यह लाइन नर्मदा नदी के ऊपर से हो कर जायेगी । चौथी योजना में जितनी रकम मिलने की संभावना है उसे देखते हुए और नयी लाइनों से सम्बन्धित प्रायोजनाओं की सापेक्ष अग्रता को ध्यान में रखते हुए, इस खर्चीली योजना को चौथी योजना में भी शामिल किया जायेगा इस में सन्देह है ।

बम्बई-हावड़ा जनता एक्सप्रेस गाड़ी

2869. { श्री महेश दत्त मिश्र :
श्री राम सहाय पाण्डेय :
श्री ज्वा० प्र० ज्योतिषी :
श्री शिवदत्त उपाध्याय :
श्री प्र० सिं० सहगल :
श्री हरि विष्णु कामत : }

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई-हावड़ा जनता एक्सप्रेस जो भुसावल, इटारसी, जबलपुर हो कर जाती है और मध्य प्रदेश के बीच से होकर गुजरती है, सप्ताह में केवल दो दिन ही चलाई जाती है जबकि इस रास्ते पर गाड़ियां कम हैं और यात्री अधिक होते हैं ;

(ख) क्या इस इलाके के लोगों ने लगातार मांग की है कि यह गाड़ी रोज चलाई जाये और इसके रुकने के स्टेशन बढ़ाये जायें ; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शामनाथ): (क) यह सच है कि बम्बई-हावड़ा जनता एक्सप्रेस (इलाहाबाद के रास्ते) सप्ताह